Regarding introduction of new local trains and increase of frequency of local trains in Mumbai

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार और रेलवे मंत्रालय का ध्यान विरार लोकल ट्रेन सेवाओं की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ । विरार से चर्चगेट के बीच लोकल ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जानी चाहिए । विशेषकर पीक आवर्स में विरार से दहानू और दहानू से विरार तक एक्स्ट्रा ट्रेन चलाई जानी चाहिए । विरार से दहानू के बीच एसी लोकल ट्रेन सेवा जल्द शुरू की जाए । इस रूट पर नॉन एसी लोकल ट्रेनों की संख्या एवं फ्रीक्वेंसी में भी वृद्धि जरूरी है । ट्रेनों में कोचेस की संख्या 12 से बढ़ाकर 15 की जानी चाहिए, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके ।

सभी स्टेशनों के दोनों छोरों पर स्वच्छ शौचालय, डिजिटल साइन बोर्ड और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था की जाए । सुबह चार बजे दहानू से चर्चगेट के लिए लोकल ट्रेन सेवा बहुत जरूरी है इसलिए उसे शुरू किया जाए । शाम छह बजे विरार-दहानू की एक्स्ट्रा ट्रेन सेवा चालू की जाए और लोकल ट्रेन सेवा, जो दहानू तक सीमित है, उसे उमरगांव तक एक्सटेंड किया जाए ।